पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय(स्वशासी) आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान भोपाल
*( साइन्स हिल्स, मैनिट के पीछे, कोलार–नेहरू नगर रोड, भोपाल 462 003)*
**Website: - www.klsgaci.edu.in** दूरभाष क्रं.–0755–2910370

संस्थान चिकित्सालय की लान्ड्री सर्विसेज हेतु ऐजेन्सी के चयन हेतु स्थानीय स्तर पर निविदाऐं आंमत्रित की जाती है ::

# :: लांड्री सर्विसेस हेतु ई–निविदा की नियम एवं शर्ते::

पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय (स्वशासी) आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय भोपाल के लिये लांड्री सर्विसेस की ई–निविदा प्रकिया के अन्तर्गत निविदाये आंमत्रित की जाती है, जो कि भारत सरकार के GEM पोर्टल पर प्रदर्शित होकर निधारित समयावधि में उपलब्ध है । निविदा प्रस्तुत करने के नियम निर्देश एवं शर्ते महाविद्यालय की वेवसाइट http://www.klsgaci.edu.in पर भी प्रदर्शित होकर उपलब्ध है ।

1. ई–निविदा प्रपत्र प्राप्त करने एवं जमा करने की अंतिम तिथि.24.08.2023 को सायं 02.00 बजे तक हैं। ई–तकनीकी निविदा महाविद्यालय में दिनांक 26.08.2023 को दोपहर 02.30 बजे GEM पोर्टल से डाउनलोड की जावेगी।

2. ई–निविदा दस्तावेज हस्तांतरणीय नहीं है।

3. ई.एम.डी. राशि रूपये 20000/– (रूपये वीस हजार मात्र) है ,जिसे आफलाइन डी.डी.के माध्यम से तकनीकी निविदा के अभिलेखों के साथ संस्थान मे जमा करनी होगी, जो कि वापसी योग्य होगी ।

4. सफल निविदाकार को निष्पादन प्रतिभूति राशि (अनुबध राशि के 03 प्रतिशत तक) बैक ड्राफ्ट के माध्यम से संस्थान में जमा करना होगा। निष्पादन प्रतिभूति राशि बिना ब्याज के अनुबंध समाप्त होने पर वापस लौटा दी जावेगी। एम.एस.एम.ई.संबधित नियम निर्देश मान्य किये जावेगें ।

5. निविदा मे एल–1 फर्म का निर्धारण वित्तीय निविदा (प्रपत्र–2)मे प्राप्त आइटमों की दरों के योग मे से न्यूनतम राशि पर किया जावेगा ।

6. अनुबंधित फर्म को धुलाई योग्य कपडे समय–सारणी अनुसार संस्थान चिकित्सालय से प्राप्त कर धुले हुये कपड़े प्रेस पश्चात् ही वापस प्रदाय करने होगें व कपड़े धोने वाला साबुन व पाउडर उच्च गुणवत्ता का होना अनिवार्य है । इस हेतु कोई भाडा/हम्माली पृथक से देय नहीं होगी ।

7. कार्य की गुणवत्ता संबंधी प्रमाणीकरण चिकित्सालय के अधीक्षक के द्वारा मान्य होने के पश्चात् ही भुगतान की कार्यवाही की जावेगी ।

8. म0प्र0भंडार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 यथा संशोधित–2022 के प्रावधानों के अनुसार म0प्र0के लघु उद्यम तथा स्टॅाटअपस को वरीयता प्रदान की जावेगी।

9. दर अनुबंध–निविदाओं को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का सम्पूर्ण अधिकार प्रधानाचार्य को होगा, जो सभी को मान्य एवं बंधनकारी होगा। साथ ही म0प्र0भंडार क्रय तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 यथा संशोधित–2022 के प्रावधानों के अनुसार वित्तीय निविदा मे प्राप्त दरों पर प्रति प्रस्ताव की मंजूरी भी रहेगी ।

10. किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर तथा नियम शर्तों का पालन न करने पर अथवा सन्तोषजनक सेवा न पाये जाने पर अनुबंध तत्काल निरस्त कर दिये जावेगें एवं सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित फर्म की होगी।ऐसी स्थिति में जमा निष्पादन प्रतिभूति की राशि राजसात कर ली जावेगी, तथा संबंधित फर्म को ब्लैक लिस्टि करने की कार्यवाही की जावेगी। साथ ही लान्ड्री सर्विसेज हेतु एल–02 फर्म से एल–01 की दरों पर कार्य करने हेतु अनुबंध किया जावेगा ।

11. सफल निविदाकार से किया गया अनुबध 01 वर्ष की अवधि तक के लिये मान्य होगा। दोनों पक्षों की सहमति से समान शर्तो एवं दरों पर अनुबंध अवधि में आगामी वर्ष हेतु वृद्धि की जा सकेगी।

12. ई–निविदा स्वीकार होने पर सफल निविदाकार को एक अनुबंध राशि रुपये 500.00 के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर नोटरी कर प्रस्तुत करना अनिवार्य है। जिसका व्यय निविदाकार को वहन करना होगा।

13. निविदाकर्ता फर्म का प्लांट भोपाल नगर निगम सीमा के स्थापित होना चाहिये जिसका गुमास्ता तकनीकी निविदा के अभिलेखों के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा।

14. निविदाकर्ता के पास स्वयं अथवा फर्म का पैन नम्बर होना चाहिये जिसकी प्रतिलिपि तकनीकी निविदा के अभिलेखों के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा।

15. निविदाकर्ता के पास जी.एस.टी. नम्बर होना आवश्यक है संबधित दस्तावेज की अभिप्रमाणित प्रतिलिपि तकनीकी निविदा के अभिलेखों के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा।

16. निविदाकर्ता के पास म0प्र0 पाल्यूशन कन्ट्रोल बोर्ड द्वारा जारी वैध प्राधिकार पत्र होना चाहिये जिसकी प्रतिलिपि तकनीकी निविदा के अभिलेखों के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा।

17. निविदाकर्ता फर्म के पास न्यूनतम 03 शासकीय/निजी चिकित्सालयों (न्यूनतम 100 शैयया युक्त )मे लान्ड्री सर्विसेज के कार्य का दो बर्षो का अनुभव होना चाहियें, जिसकी प्रतिलिपि तकनीकी निविदा के अभिलेखों के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा।

18. निविदाकर्ता फर्म का वित्तीय वर्ष 2021–22 का टर्न ओवर न्यूनतम 10 लाख होना आवश्यक है, जिसके साक्ष्य के रुप में वित्तीय वर्ष 2021–22 की आयकर विवरणी की प्रति,बैलेस शीट,लाभ–हानि पत्रक (चाटेर्ड एकाउन्टेन्ट द्वारा प्रमाणित) एवं वित्तीय वर्ष 2020–21 की आयकर विवरणी तकनीकी निविदा के दस्तावेजो के साथ अपलोड करना आवश्यक है ।

19. निविदाकर्ता द्वारा कार्यादेश का कुछ भाग या पूर्ण भाग अन्य किसी ठेकेदार/व्यक्ति को नहीं सौंपेगा। यदि किसी निविदाकर्ता द्वारा किसी अन्य फर्म/व्यक्ति को कार्य सौंपता है, या कार्य कराता पाया जाता है तो उसका अनुबंध तत्काल प्रभाव से निरस्त कर निष्पादन प्रतिभूति राशि राजसात की जावेगी एवं संबंधित फर्म को Black Listed किया जायेगा।

20. आवदेनकर्ता फर्म प्रदेश के किसी भी शासकीय संस्था से ब्लैक लिस्टेड़ नहीं होनी चाहिए। यदि जानकारी प्राप्त होती है, तो निष्पादन प्रतिभूति राशि राजसात कर संबधित फर्म की निविदा/अनुबध निरस्त कर दिया जावेगा। ब्लैक लिस्टेड न होने का घोषणा / शपथ पत्र राशि रु 100.00 एक सौ मात्र के नान ज्युडीशियल स्टांप पर नोटराइज कराकर तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

21. ई–निविदाओं को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का सम्पूर्ण अधिकार प्रधानाचार्य को होगा, जो सभी को मान्य एवं बंधनकारी होगा।

22. किसी भी विवाद की स्थिति में प्रधानाचार्य का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा इसका पालन करना होगा।

23 ई–तकनीकी निविदा में जो दस्तावेज अपलोड किये हैं, उन दस्तावेजो की सत्यापित प्रति का 01 सेट ई–तकनीकी निविदा खोलते समय उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा ।

24. अन्य कोई शर्त आवश्यकता पड़ने पर मान्य करना होगी।

25. ई–तकनीकी निविदा का विश्लेषण करते समय केवल बांछित दस्तावेजों(चैक लिस्ट के अनुसार) को ही विचार क्षेत्र में लिया जावेगा ।

26. किसी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा ।

प्रधानाचार्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद
महाविद्यालय एवं संस्थान भोपाल

# ı. खुशीलाल शर्मा शासकीय(स्वशासी) आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान भोपाल

## (लांड्री सर्विसेज हेतु तकनीकी निविदा )

(तकनीकी निविदा प्रपत्र –01)

1. निविदाकर्ता फर्म का नाम——————————————————————

2. फर्म के मालिक का नाम—————————— पिता का नाम——————

3 वर्तमान निवास का पता————————————————————

4 दूरभाष/मोबाईल नम्बर————————————————————

5 जी.एस.टी.नम्बर...............................................

6 जीवित गुमास्ता नं...................................................दिनांक ...........................................................

7. पैन कार्ड न...............................................

8. म0प्र0 पाल्यूशन कन्ट्रोल बोर्ड द्वारा जारी बैद्य प्राधिकार पत्र कमॉक............

9. अनुभव प्रमाण पत्र.........................................................................................................

10 ई.एम.डी. राशि का डी.डी .........................................................................................

11. निविदाकर्ता फर्म का वित्तीय वर्ष 2021–22 का टर्न ओवर न्यूनतम 10 लाख होना आवश्यक है, जिसके साक्ष्य के रुप में वित्तीय वर्ष 2021–22 की आयकर विवरणी की प्रति ,बैलेसशीट,लाभ–हानि पत्रक (चाटेर्ड एकाउन्टेन्ट द्वारा प्रमाणित) एवं वित्तीय वर्ष 2020–21,की आयकर विवरणी तकनीकी निविदा के दस्तावेजो के साथ अपलोड करना आवश्यक है ।

12. निविदाकार फर्म किसी शासकीय /अशासकीय/अर्धशासकीय संस्था द्वारा ब्लैक लिस्ट नही होना चाहिऐ इस हेतु शपथ पत्र राशि रु 100.00 एक सौ मात्र के नान ज्युडीशियल स्टांप पर नोटराइज कराकर तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा ।

13 एम.एस.एम.ई.सबधित विधिक अभिलेख ।

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर

निविदाकर्ता का नाम——————————
फर्म का नाम ——————————
फर्म की मुद्रा..................................................

पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय(स्वशासी) आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान भोपाल

लांड्री सर्विसेज हेतु निविदा हेतु

( वित्तीय निविदा प्रपत्र –02)

| क्रं. | बड़े कपड़े | दर अंको में प्रति आयटम | दर शब्दों शब्दो मे प्रति आयटम |
|---|---|---|---|
| 1. | बेड शीट सिंगल बेड | | |
| 2 | बेड शीट गउल बेड | | |
| 3 | डॉ. गाउन | | |
| 4 | पेशेन्ट गाउन | | |
| 5 | दरवाजे का पर्दा | | |
| 6 | खिड़की पर्दा | | |
| 7 | मच्छरदानी | | |
| 8 | स्क्रीन कर्टन | | |
| 9 | टॉवेल पतला | | |
| 10 | टॉवेल मोटा (रूएदार) बडा | | |
| 11 | टॉवेल छोटा (रूएदार) बडा | | |
| 12 | होल सीट | | |
| 13 | टेबल क्लाथ | | |
| 14 | पंचकर्म गाउन हॉफ | | |
| 15 | दरी | | |
| 16 | ब्लैंकेट | | |
| 17 | वुलन ब्लैंकेट | | |
| 18 | तकिये का कव्हर | | |
| 19 | नेपकीन | | |
| 20 | डाक्टर्स कैप | | |
| 21 | डाक्टर्स मास्क | | |

खुशीलाल शर्मा शासकीय(स्वशासी) आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान भोपाल

## ( लांड्री सर्विसेज हेतु निविदा की चैक लिस्ट)
## चैक–लिस्ट

| क्रं. | दस्तावेजों के नाम | संलग्न हां/नहीं |
|---|---|---|
| 1 | गुमास्ता (स्थानीय स्तर का) की स्वप्रमाणित छायाप्रति | |
| 2 | पैनकार्ड की की स्वप्रमाणित छायाप्रति | |
| 3 | जी.एस.टी. पंजीयन प्रमाण–पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति | |
| 4 | म0प्र0 पाल्यूशन कन्ट्रोल बोर्ड द्वारा जारी बैध प्राधिकार पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति | |
| 5 | अनुभव प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति | |
| 6 | वित्तीय वर्ष 2021–22 का टर्न ओवर न्यूनतम 10 लाख के साक्ष्य के रुप में वित्तीय वर्ष 2021–22 की आयकर विवरणी की प्रति ,बैलेस शीट,लाभ–हानि पत्रक (चाटेर्ड एकाउन्टेन्ट द्वारा प्रमाणित) एवं वित्तीय वर्ष 2020–2021 की आयकर विवरणी की की स्वप्रमाणित छायाप्रति | |
| 7 | ई.एम.डी.राशि का डी.डी. मूल प्रति | |
| 8 | ब्लैक लिस्ट न होने का घोषणा पत्र/शपथ पत्र राशि रु 100.00 के नान ज्युडीशियल स्टांप पर नोटराइज मूल प्रति | |
| 7 | एम.एस.एम.ई.संबधित विधिक अभिलेख की स्वप्रमाणित छायाप्रति | |
| 8 | प्लांट स्थल भोपाल नगर निगम सीमा अंतर्गत होने संबधी अभिलेख | |

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर...............................

निविदाकर्ता का नाम....................................

फर्म का नाम ..................................................

पता.......................................................................

मोबाइल नं.......................................................

फर्म की मुद्रा